समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# NHAI मे निकली डिप्टी जनरल मैनेजर (टेक्निकल) के पद पर भर्ती, मिलेगी 2 लाख रुपये से ज्यादा सैलरी, जाने योग्यता और आवेदन प्रक्रिया।

Publisher
Published on 08 Jul 2025

**30 पदों पर होगी भर्ती, सिविल इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स के लिए सुनहरा मौका।**

**नई दिल्ली :** सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे **इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स** के लिए अच्छी खबर है। **नेशनल हाइवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया** (NHAI) ने **डिप्टी जनरल मैनेजर** (टेक्निकल) के पदों पर भर्ती के लिए **नोटिफिकेशन** जारी किया है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट nhai.gov.in पर जाकर 23 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

इस भर्ती के माध्यम से कुल **30 पद** भरे जाएंगे। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से पहले आवेदन प्रक्रिया पूरी कर लें।

**कौन कर सकता है आवेदन ?**
१. **इस भर्ती मे आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास निम्न योग्यताएं होनी चाहिए:**
२. **किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग मे ग्रेजुएशन डिग्री**।
३. **संबंधित क्षेत्र मे कम से कम 6 साल का कार्य अनुभव**।
४. **पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) प्रोजेक्ट्स मे अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी**।

**आयु सीमा**
उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा नियमानुसार तय की जाएगी। विस्तृत जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन देखें।

**वेतनमान (Salary)**
**डिप्टी जनरल मैनेजर** (टेक्निकल) पद पर चयनित उम्मीदवारों को लेवल 12 के तहत **₹78,800 से ₹2,09,200** प्रतिमाह तक

का वेतन मिलेगा। इसके अलावा अन्य भत्ते भी सरकार के नियमानुसार दिए जाएंगे।

**आवेदन प्रक्रिया**

ऐसे करें आवेदन:

१. **आधिकारिक वेबसाइट** nhai.gov.in पर जाएं।

२. **होमपेज के Recruitment सेक्शन मे जंाएं।**

३. **Current Job Openings मे संबंधित भर्ती का लिंक खोले।**

४. **'Apply Now' पर क्लिक करे।**

५. **पहले रजिस्ट्रेशन करे (ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के जरिए)।**

६. **लॉगिन करके आवेदन फॉर्म भरे और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करे।**

७. **फॉर्म को चेक कर सबमिट करे।**

८. **आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट जरूर निकाल ले।**

**महत्वपूर्ण तिथियां**

१. **आवेदन प्रक्रिया शुरू:** शुरू हो चुकी है

२. **आवेदन की अंतिम तिथि :** 23 जुलाई 2025

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani .com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.